हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 24 अप्रैल 2025, समय 1310 (5 मिनट)

सरकार ने पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर आज दिल्ली में एक सर्वदलीय बैठक बुलायी है। सूत्रों के अनुसार यह बैठक संसद भवन परिसर में शाम छह बजे होगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को हमले के बारे में जानकारी देंगे। इसके अलावा वह इस घटना के बाद पाकिस्तान के खिलाफ उठाए गए कदमों के बारे में भी उन्हें जानकारी उपलब्ध करायेंगे।

****

हरियाणा सरकार द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के उपलक्ष्य में आज पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में राज्य स्तरीय ग्राम उत्थान सम्मेलन का आयोजन किया गया।सम्मेलन को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने की।सम्मेलन में पंचायतों की कार्यप्रणाली, फंड के उपयोग और विकास कार्यों की रियल-टाइम जानकारी दी गई, वहीं सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को भी बड़ा तोहफा मिलेगा।सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा मार्च महीने में पहचान किए गए 41,591 नए लाभार्थियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन का वितरण भी किया गया।

****

विश्व स्वास्थ्य संगठन का **विश्व टीकाकरण सप्ताह 2025** आज से शुरू होगा। सभी देशों में यह अभियान इस महीने की 30 तारीख तक चलेगा। विश्व टीकाकरण सप्ताह प्रत्येक वर्ष अप्रैल के अंतिम सप्ताह में मनाया जाता है।इसका उद्देश्य टीकाकरण की जीवन रक्षक क्षमता को बढ़ावा देना है। इस वर्ष की थीम है "सभी के लिए टीकाकरण मानवीय रूप से संभव हो"। यह थीम बल देती है कि सभी उम्र और स्थान के लोगों की जीवन रक्षक टीकों तक पहुंच सुनिश्चित करनी चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि पिछले 50 वर्षों में, आवश्यक टीकों ने कम से कम 15 करोड़ 40 लाख लोगों की जान बचाई है।

****

हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर ने आज विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश की अनाज मंडियों से समय पर अनाज के उठान और किसानों को भुगतान किए जाने को लेकर जानकारी ली। गौरतलब है कि हरियाणा में एक अप्रैल से मंडियों में अनाज की खरीद आरंभ हो चुकी है। इसी के अंतर्गत 22 अप्रैल तक प्रदेश की मंडियों में 55.लाख 89 हज़ार मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो गई है, जिसमें से करीब 26 लाख 36 हज़ार मीट्रिक टन गेहूं का उठान भी हो गया है। यह अनाज प्रदेश के करीब तीन लाख 43 हजार 630 किसानों से खरीदा गया है और उनके खातों में 5556 करोड़ 81लाख रुपये की राशि भेजी जा चुकी है।

****

भिवानी अनाज मंडी में 9 लाख 90 हजार क्विंटल गेहूं और चार लाख 71 हज़ार क्विंटल सरसों की आवक हुई है। जबकि पिछले वर्ष लगभग 13 लाख क्विंटल गेहूं और साढ़े 5 लाख क्विंटल सरसों की आवक हुई थी।मंडी सचिव ने बताया कि 7 लाख 78 हजार क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है तो दो लाख चार हज़ार क्विंटल गेहूं का उठान भी हो गया है।उन्होंने बताया कि मंडी में तीन लाख 75 हज़ार

क्विंटल सरसों की भी खरीद हुई है और 2 लाख 72 हज़ार क्विंटल सरसों का उठान कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि फसल का जल्दी उठान और उठान के साथ किसानों का भुगतान सुनिच्छित किया जा रहा है।

****

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने आज अंबाला शहर अनाज मंडी व अम्बाला छावनी अनाज मंडी में गेहूं खरीद कार्यो का जायजा लिया।कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने इस मौके पर आढ़तियों से भी बातचीत करते हुए मंडी में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली । आढ़ती एसोसिएशन की तरफ से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के समक्ष मांग रखी गई कि अगले सीजन में सूरजमुखी की खरीद शहर अनाजमंडी से हो।उन्होंने मंडी के साथ लगती न्यू मंडी टाउनशिप की लगभग 14 एकड़ भूमि मंडी बोर्ड को दिलवाने को कहा ताकि सीजन में बाहर गेहूं न रखना पड़े, इसके साथ-साथ किसान की फसल खरीद से सम्बधिंत जो विभागीय पोर्टल है उस पोर्टल के माध्यम से पंजाब के किसान भी यहां पर मंडियों में अपनी गेहूं बेच सके, उसका प्रावधान किए जाने की मांग की गई।

****

हरियाणा में अब आगामी 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर राजपत्रित अवकाश नहीं होगा।मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि 26 दिसंबर, 2024 को जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुए, अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य में घोषित राजपत्रित अवकाश को रद्द किया जाता है, क्योंकि यह अनजाने में लिखा गया था।